जा रहा है जहां तक फास्फेट के भंडार भारी मात्रा में पाये गये हैं ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) से (ग) इस समय नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के उत्पादन के लिये नैफ्था, लिग्नाइट, कोयला, कोक ओवन गैस, विद्युत और प्राकृतिक गैस जैसी विभिन्न प्रकार की सम्भरण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। सरकार की यह नीति रही है कि उर्वरकों के उत्पादन के लिए देशीय रूप से उपलब्ध सम्भरण सामग्री कच्चे माल का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए ताकि आयात पर से निर्भरता कम की जा सके।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में उत्पादित राक-फास्फेट, फोस्फेटिक उर्वरकों के निर्माण के लिये राक-फास्फेट की आवश्यकता को पूर्ण रूप से पूरा करने के लिये पर्याप्त नहीं है। इसलिये उर्वरक उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये देश को राक-फास्फेट के आयात पर निर्भर रहना पड़ता है।

उर्वरक प्रयोजनाओं के लिये स्थान का निर्णय करने में, सम्भरण सामग्री की सन्निकटता, इनफ्रेस्ट्रक्चर की उपलब्धता, खपत के क्षेत्रों की सन्निकटता और अन्य सम्बन्धित तकनीकी-आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखा जाता है। अतिरिक्त उर्वरक क्षमता की योजना बनाते समय सम्बन्धित तकनीकी आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश और राजस्थान में फास्फेटिक उर्वरक एककों की स्थापना की सम्भावना पर उचित ध्यान दिया जाएगा।

**Absorption of Emergency Commissioned Officers in R.P.F. and G.R.P.**

2538. SHRI K. PRADHANI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the number of Emergency Commissioned Officers who have been absorbed in the R.P.F. and G.R.P. Cadres separately;

(b) whether there is any proposal under Government's consideration to absorb more Emergency Commissioned Officers in R.P.F. and G.R.P. cadres; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER FOR RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) 23 released Emergency Commissioned Officers have been recruited in Group 'B' posts in the Railway Protection Force. As recruitment to the Government Railway Police is made by the State Governments, the Ministry of Railways have no information regarding the number of released Emergency Commissioned Officers recruited in that cadre.

(b) No, so far as Railway Protection Force is concerned.

(c) Does not arise.

**Representation regarding Corruption in the Sindri Modernisation Project**

2539. SHRI A. K. ROY: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether the representation dated the 16th April, 1977 by Shri Hari Ram Upadhayay, the representative of the Fertilizers Corporation Kamgar Union regarding rampant corruption by the officers causing loss of lakhs of rupees in the matter of Sindri Modernisation Project has been received; and

(b) if so, the action taken by the Government or proposed to be taken to eliminate these social evils?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) and (b). A representation dated 2-4-1977 (and not 16-4-1977) was received from

Shri Hari Ram Upadhayay. The representation contained general allegations of corruption against Officers of Sindri Unit of FCI but there were no specific allegations. Facts are being verified to the extent possible.

**Sanction of Gas Connections in Delhi**

2540. SHRI RAM KANWAR BERWA: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) the number of persons registered for cooking gas connections with various Indane Gas Agencies in Delhi during the year 1972-1973;

(b) the number out of them who have since been provided with the gas connections; and

(c) the date by which the persons on the waiting list will be provided with gas connections?

THE MINISTER OF PETROLEUM. CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) During the year 1972-73, the total number of persons who registered for cooking gas connections with various Indane Gas Agencies in Delhi was 30.433.

(b) Out of the above number, only 414 persons are still on the waiting list.

(c) New Gas connection can be released to those on the waiting list only when additional product becomes available.

**6 अप गाड़ी में विदिशा के लिए बर्थों का कोटा**

2541. श्री राघवजी : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद 6 अप गाड़ी में विदिशा के लिए जो तीन बर्थ का कोटा था उसे घटा कर एक कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसा किसके आदेश से किया गया है ?

रेल मन्त्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) और (ख) मध्य रेलवे प्रशासन ने 1–6–77 से विदिशा स्टेशन पर 6 अप पंजाब मेल में दूसरे दर्जे के 3 शयन यान के कोटे को घटा कर एक कर दिया है क्योंकि कोटे का पूरा-पूरा उपयोग नहीं हो रहा था। मध्य रेल प्रशासन को कहा गया है कि इस स्टेशन पर होने वाले यातायात को ध्यान में रखते हुए कोटे की समीक्षा करें और यदि औचित्य हो तो उसमें वृद्धि करें।

**राजस्थान में उर्वरक कारखाना स्थापित करने के लिए आवेदन पत्र**

2542. श्री कृष्ण कुमार गोयल : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में नए उर्वरक कारखानों की स्थापना के लिए कितने आवेदन पत्र सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ख) आवेदनकर्ताओं के नाम क्या हैं तथा उनके आवेदनपत्रों पर अन्तिम निर्णय कब तक लिया जाएगा ; और

(ग) नए कारखाने किन स्थानों पर लगाए जाएंगे ?